**नक्सली डंप** विस्फोटक, कारतूस, दवाएं, साहित्य सहित दैनिक उपयोग की सामग्री मिली

# मोजाडेरा-अली टोला के जंगल से भारी मात्रा में नक्सली डंप बरामद

**नवभारत, बालाघाट।** बालाघाट जिले के किरनापुर क्षेत्र में सुरक्षाबलों को नक्सल विरोधी अभियान में बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने सिरका-मोजाडेरा और अलीटोला के जंगलों से दो अलग-अलग स्थानों पर छिपाकर रखे गए नक्सली डंप बरामद किए हैं।

मार्च 2026 तक देश से नक्सलियों के खात्मे की तय समय-सीमा के बाद, जंगल में सुरक्षाबलों की गतिविधियां तेज हो गई हैं। बालाघाट जिले सहित सीमावर्ती राज्यों में सुरक्षाबलों की संयुक्त कार्रवाई से नक्सली दबाव में हैं।

जिले में हॉकफोर्स, सीआरपीएफ, कोबरा, जिला पुलिस बल और बीडीडीएस की टीमें लगातार जंगलों में सर्चिंग अभियान चला रही हैं। बीडीडीएस और डॉग स्क्वॉड की मदद से नक्सलियों के ठिकानों और विस्फोटक सामग्री का पता लगाया जा रहा है।

हॉकफोर्स के इंस्पेक्टर आशीष शर्मा की शहादत के बाद से, जिले में सुरक्षाबल नक्सलियों के खात्मे के लिए पूरी ताकत से जुटे हुए हैं। पुलिस अधीक्षक ने यह भी बताया कि सीमावर्ती राज्यों की टीमों के साथ नक्सलियों के खिलाफ संयुक्त अभियान लगातार जारी रहेगा।



पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा ने बताया कि बरामद डंप से बीजीएल के 6 पैकेट, 11 लॉन्चर राउंड, .303 बोर के 9 जिंदा कारतूस, 12 बोर के 3 जिंदा और 9 खाली कारतूस मिले हैं। इसके अतिरिक्त, एक वायरलेस सेट, 4 एंड्रॉयड और 4 कीपैड मोबाइल फोन, 14 पेनड्राइव, 17 मेमोरी कार्ड और 2 सिम कार्ड भी जब्त किए गए हैं।

बरामद सामग्री में दवाएं, नक्सली साहित्य और दैनिक उपयोग की वस्तुएं भी शामिल हैं। जिले में लंबे समय बाद पुलिस को यह बड़ी बरामदगी हाथ लगी है।

## उपजेल बैहर में विधिक जागरूकता व स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित

**नवभारत, बैहर।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार विधिक साक्षरता शिविर योजना अंतर्गत 30 नवम्बर को दोपहर 12 बजे से उपजेल बैहर में विधिक साक्षरता शिविर के साथ ही विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में न्यायाधीश महोदय के द्वारा निरूद्ध बंदियों को उनके संवैधानिक कर्तव्य, अधिकार एवं दायित्व के संबंध में जानकारी दी गई साथ ही बंदियों की समस्याएं सुनी व उनका निराकरण किया गया। जिन बंदियों के मामलों में अधिवक्ता उपलब्ध नहीं है उनके मामलों में विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से नि:शुल्क अधिवक्ता योजना अंतर्गत शासन के व्यय पर अधिवक्ता नियुक्त किये जाने हेतु एवं जिन बंदियों के मामलों में अपील किया जाना है उनके मामलों में शीघ्र अपील कराये जाने हेतु संबंधित कर्मचारी को निर्देशित किया गया। माननीय न्यायाधीश द्वारा 03 से 05 वर्ष से अधिक अवधि से निरूद्ध बंदियों को चिन्हित कर उनके मामलों का शीघ्र निराकरण किये जाने हेतु कहा गया। उक्त जागरूकता शिविर के साथ ही सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बैहर से स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर, सर्दी, खांसी, बुखार, दर्द, आदि बीमारी व खून की जांच कर दवाई का वितरण किया गया। उक्त शिविर में जिला न्यायाधीश श्रीमान सुरेन्द्रसिंह गुर्जर, श्रीमती शिवानी असाटी व्यवहार न्यायाधीश बैहर, श्री संजु नायक सहायक जेल अधीक्षक, डॉ. धनराज कोकोड़े, डॉ. इंद्रजीत बिसेन, एन.एस.कुसरे, सिविल अस्पताल बैहर उपस्थित थे।



## तालाब में मिले जेठ-बहू के शव



**नवभारत, बालाघाट।** ग्राम सालेबर्डी रामपायली के तालाब में आज जेठ प्रकाश रहांगडाले व उनकी बहू सीमा की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। दोनों एक दिन पहले से लापता थे, जिनकी परिजनों द्वारा तलाश की जा रही थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से शव को निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए शासकीय अस्पताल पहुंचाकर मर्ग कायम कर लिया है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार नलजल मिशन में सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत प्रकाश रहांगडाले व उनकी बहू सीमा बीती शाम घर से निकले, इसके बाद लौटकर नहीं आए। आज सुबह लोगों ने प्रकाश व सीमा की लाश तालाब में उतराती देखी। आसपास के लोगों सहित परिजन भी पहुंच गए। जिन्होने पुलिस को पूछताछ में बताया कि उन्हें देर रात एरवटोला में देखा था। पुलिस को तालाब के किनारे एक बाइक, चप्पलें व कीटनाशक दवा की एक बोतल मिली है। दोनों के शरीर पर कोई चोट के निशान नहीं हैं। पुलिस जांच कर रही है कि मौत कीटनाशक दवा के सेवन से हुई है या पानी में डूबने से। पुलिस सभी पहलुओं से मामले की गहनता से जांच कर रही हैए ताकि मौत के सही कारणों का पता चल सके।

## किसानों की धान क़ो 3100 सौ रूपये प्रति क्विंटल खरीदने रखेंगे मांग-विधायक

**विधानसभा शीतकालीन सत्र प्रारम्भ,किसानों की हर मांग को प्रदेश सरकार के समक्ष रखेंगे -विवेक पटेल**

**नवभारत, वारासिवनी।** एक दिसंबर से शीतकालीन विधानसभा सत्र प्रारम्भ हो रहा हैं मगर भाजपा सरकार द्वारा अभी तक इकत्तीस सौ रुपए प्रति क्विंटल धान नही खरीदी जा रही हैं धान खरीदी समेत किसानों के मुद्दे को लेकर विधायक विवेक विक्की पटेल ने भाजपा सरकार पर हमला बोला है मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार किसानो से इकत्तीस सौ रूपये प्रति क्विंटल धान नही खरीदने का षड्यंत्र कर रही है अपने वादे के मुताबिक मध्यप्रदेश की सरकार किसानो की धान की इकत्तीस सौ रूपये प्रति क्विंटल से धान खरीदी करें नही तो वे किसानो के हित में सड़क से लेकर विधानसभा तक इस मुद्दे को सरकार के सामने रखेंगे उन्होंने कहा की बालाघाट जिला और उनका वारासिवनी-खैरलाँजी विधानसभा क्षेत्र सर्वाधिक धान उत्पादन वाला क्षेत्र हैं और भाजपा ने इकत्तीस सौ रूपये प्रति क्विंटल धान की खरीदी करने का वादा किया था लेकिन यह दूसरा वर्ष हैं खरीदी का और इस वर्ष भी मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार वादाखिलाफ़ी कर रही हैं।

विधायक विवेक विक्की पटेल ने कहा की भाजपा की सरकार बनी लगभग दो वर्ष पूर्ण हो रहें हैं तीन दिसंबर को रिजल्ट आया था और जो इन्होंने किसानों से वादा किया था सरकार बनते ही हम किसानों की धान को इकत्तीस रुपए प्रति क्विंटल खरीदेंगे मगर आज तक अपना वादा पूरा नहीं किया हमारा बालाघाट जिला कृषि प्रधान जिला है बारिश में किसानों की फसल पूरी तरह नष्ट हो गई अभी तक ना सर्वे हुआ और ना नहीं किसानों को मुआवजा मिला मेरे द्वारा विधानसभा प्रश्न भी लगाया गया है किसानो की लागत दुगुनी हो गई है मगर आय दुगुनी नहीं हुई इस वर्ष विधानसभा सत्र मात्र पांच दिनों का है इन पांच दिनों में प्रदेश के कई विधायकों को अपने क्षेत्र की समस्याओ को लेकर बोलने का मौका नहीं मिलता मैं सरकार से मांग करता हूं कि विधानसभा सत्र की अवधि बढ़ाया जाए ताकि सभी विधायकों को बोलने का मौका मिले।



**सड़क से लेकर विधानसभा तक लड़ेंगे लड़ाई**

वारासिवनी-खैरलाँजी क्षेत्र के विधायक विवेक विक्की पटेल ने कहा की हमारा क्षेत्र कृषि प्रधान क्षेत्र है चुनाव के पूर्व भाजपा सरकार ने किसानो से वादा किया था की हमारी सरकार बनते ही हम किसानो की धान क़ो इकत्तीस सौ रूपये प्रति क्विंटल खरीदेंगे सरकार बनने के बाद धान खरीदी का दूसरा वर्ष है वही एक दिसंबर से विधानसभा शीतकालीन सत्र शुरू हो रहा है हम चाहते है कि किसानों की धान को सरकार इकत्तीस सौ रुपए प्रति क्विंटल खरीदे वहीं किसानों का कर्ज भी माफ करे,अभी तक किसानों का कर्ज भी माफ नहीं हुआ है।

## सगे भाई की कुल्हाड़ी मारकर हत्या

**नवभारत, बालाघाट।** साल्हे गांव लालबर्रा में अजेश कोमलकर ने अपने सगे भाई अनिल की कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी। अनिल की चीख सुनकर आसपास के लोगों सहित परिजन पहुंच गए, जिन्होने देखा कि अनिल खून से लथपथ हालत में मृत पड़ा है। खबर मिलते ही पुलिस अधिकारी भी मौके पर पहुंचे जिन्होने शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल पहुंचाकर हमलावर अजेश को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरु कर दी है।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार साल्हे गांव लालबर्रा निवासी अजेश व उसका भाई अनिल कोमलकर नागपुर में काम करते रहे। कुछ दिन पहले अनिल घर आ गया, इसके बाद अजेश भी पहुंच गया। बीती देर रात जब अजेश भोजन कर रहा था, तभी अनिल ने किसी बात को लेकर उसे डांटना शुरू कर दिया। इस पर दोनों भाइयों के बीच विवाद बढ़ गया। इसी दौरान अजेश ने घर में रखी कुल्हाड़ी उठाई और अनिल के मुंह और गले पर दो से तीन वार कर दिए। अनिल की मौके पर ही मौत हो गई। अनिल पर हमला होते देख परिजनों में चीखपुकार मच गई, शोर सुनकर आसपास के लोग भी आ गए, जिनकी सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस को पूछताछ में पता चला है कि मृतक अनिल की पत्नी के अलावा दो बच्चे है जिनकी उम्र 10 और 7 वर्ष है। पुलिस का कहना है कि दोनों के बीच अवैध संबंधों को लेकर विवाद होने की बात सामने आई है, जांच के बाद जो भी तथ्य सामने आएगे उस आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

## सेवानिवृत शासकीय सेवकों का सम्मान और पीपीओ वितरण

**मंडला नभाप्र.** अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह ने माह अक्टूबर में अलग-अलग कार्यालयों से सेवानिवृत्त हुए शासकीय कर्मचारियों का सम्मान और पीपीओ वितरण किया। अपर कलेक्टर ने पीपीओ वितरण के साथ सेवानिवृत्त शासकीय कर्मचारियों को उनके भावी जीवन के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जिला कोषालय अधिकारी अखिलेश नेटी, जिला पेंशन अधिकारी अविनाश नागले सहित सेवानिवृत्त कर्मचारियों के परिजन उपस्थित रहे।

## मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 का संशोधित कार्यक्रम जारी

**नवभारत, बालाघाट।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री संजीव कुमार झा ने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के संबंध में दिए आवश्यक निर्देश

प्रदेश में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर की भारत निर्वाचन आयोग ने समय सीमा बढ़ा दी है। इस संबंध में आयोग ने निर्देश भी जारी कर दिए हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मप्र श्री संजीव कुमार झा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 30 नवंबर को संशोधित कार्यक्रम जारी किया गया है।

जारी कार्यक्रम अनुसार मध्यप्रदेश में एसआईआर की प्रक्रिया अब 14 फरवरी 2026 तक चलेगी। इसके अनुसार अब 11 दिसम्बर 2025 तक एन्युमरेशन फार्म भरने का काम बीएलओ द्वारा किया जाएगा। 16 दिसंबर को मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन होगा। 16 दिसंबर से 15 जनवरी 2026 तक दावा आपत्तियों के आवेदन लिए जाएंगे। 16 दिसंबर से 7 फरवरी 2026 तक दस्तावेजों का सत्यापन किया जाएगा। इसके बाद 14 फरवरी 2026 को फाइनल मतदाता सूची का प्रकाशन होगा।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री संजीव कुमार झा ने कहा कि सभी जिलों के कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किए गए नवीन दिशा निर्देशों से अवगत कराया गया है। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के संबंध में दिए गए नवीन निर्देशों का अनिवार्य रूप से पालन करें। उसे अच्छी तरह से अध्ययन कर लें। विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान बीएलओ तीन बार मतदाताओं के घर जाएंगे, यह सुनिश्चित करें। इसके साथ ही जो व्यक्ति 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूरी कर रहा है, वह भी मतदात सूची में अपना नाम जुड़वाने के लिए आवेदन कर सकता है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए फॉर्म 6, हटवाने के लिए फॉर्म 7 और सुधार या संशोधन के लिए मतदाता को फॉर्म 8 भरना होगा।

## इंट्यूशन प्रोसेस प्रोग्राम, बच्चों का अनूठा अभियान

**स्वच्छ बालाघाट का संकल्प - रेंजर्स कॉलेज व बजरंग घाट में स्वच्छता अभियान**



**नवभारत, बालाघाट।** 'द आर्ट ऑफ़ लिविंग' के इंट्यूशन प्रोसेस प्रोग्राम से जुड़े बच्चों ने रविवार को बालाघाट में विशेष स्वच्छता एवं पर्यावरण जागरूकता अभियान चलाया।

रेंजर्स कॉलेज परिसर तथा बजरंग घाट क्षेत्र में बच्चों ने मिलकर सफाई करते हुए पॉलिथीन मुक्त पर्यावरण का संदेश दिया।

'स्वच्छता बाहरी भी हो और भीतर की भी—दोनों जीवन को प्रकाशित करती हैं।' को आत्मसात करते हुए पूरे उत्साह से स्वच्छता अभियान में हिस्सा लिया।

इस अवसर पर बच्चों ने बालाघाट में नक्सली घटना में शहीद हुए शहीद आशीष शर्मा को श्रद्धांजलि दी। बच्चों ने मौन धारण कर उन्हें नमन किया और देश के प्रति समर्पण का भाव व्यक्त किया।

इसके साथ ही सभी प्रतिभागियों ने राष्ट्रभक्ति और राष्ट्रीय चेतना के पुनर्जागरण का संकल्प भी लिया। इंट्यूशन प्रोसेस के 50 से अधिक बच्चों ने सक्रिय भागीदारी करते हुए—घाट और परिसर से प्लास्टिक, पॉलिथीन व कचरा एकत्र किया,स्वच्छता के पोस्टर व स्लोगन प्रदर्शित किए,लोगों को पॉलिथीन का उपयोग कम करने के लिए प्रेरित किया जल एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया बच्चों ने कहा कि—पॉलिथीन जमीन, पानी और वातावरण को नुकसान पहुँचाती है,छोटी आदतें भी बड़े परिवर्तन ला सकती हैं,नागरिकों के सहयोग से पूरा शहर स्वच्छ बन सकता है ।बताया कि स्वच्छ प्रकृति के साथ मानसिकता का स्वच्छ होना भी उतना ही महत्वपूर्ण है।

बच्चों ने कहा— 'हम अपने अंदर बहुत सकारात्मक बदलाव महसूस कर रहे हैं; हम अधिक खुश, उत्साही और जागरूक हो गए हैं।'

## अब गोंदिया से इंदौर चलेगी पेंचवेली एक्सप्रेस, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का प्रस्ताव : मोनिल जैन

**प्रयास हो रहे सफल, बालाघाट को सीधा फायदा**

**नवभारत, बालाघाट।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन सदस्य मोनिल जैन ने जिले की रेलवे सुविधाएं को लेकर एक महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए बताया कि, मेरे और अन्य जनप्रतिनिधियों के द्वारा लगातार इंदौर के लिए पेंचवेली एक्सप्रेस को व्हाया बालाघाट से गोंदिया तक विस्तार हेतु मांग की जा रही थी। जो अब जाकर पूरी होती प्रतीत हो रही है ।इस ट्रेन का विस्तार सैद्धांतिक तौर पर गोंदिया में मेंटेनेंस एवं रख रखाव की सुविधाएं के मद्देनजर संभव है। मोनिल जैन ने आगे कहा, हमारे द्वारा समय-समय पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर की बैठकों, प्रस्ताव और पत्रों के माध्यम से इस संबंध में अनेकों बार किए गए प्रयास आखिर सफलता की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा, रेलवे ने भी जनता जनार्दन की समस्या के दृष्टिगत इस ट्रेन को बालाघाट के रास्ते गोंदिया तक विस्तार के अहम प्रस्ताव को स्वीकृति हेतु प्रेषित किया है।

स्वीकृति पश्चात शीघ्र ही संचालित समय सारणी जारी होने के बाद पंचवेली एक्सप्रेस का सुलभ संचालन यहां से होगा। जिसका सीधा लाभ बालाघाट जिले वासियों को मिलेगा। जिसकी लंबे से दरकार थी लिहाजा यह अब जाकर पूरी होती नजर आ रही है। यक़ीनन अंतिम व्यक्ति तक सुविधाओं विस्तार करने भाजपा सरकार दृढ़ संकल्पित है। अभिभूत, रेलवे जोन सदस्य मोनिल जैन ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू, भाजपा के सभी जनप्रतिनिधियों, जोन महाप्रबंधक, सलाहकार समिति सदस्य, मंडल प्रबंधक एवं सभी रेल अधिकारियों का आभार जताया।

वहीं गोंदिया बालाघाट जिलेवासियों को इस विस्तारित प्रथम, नवीन रेल भोपाल और इंदौर आवागमन की जन सुविधा के लिए आत्मीय शुभकामनाएं दी।



## एसआईआर फार्म में गलत जानकारी देने पर होगी कानूनी कार्रवाई

**नवभारत, बालाघाट।** लोकतांत्रिक व्यवस्था को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाए रखने के उद्देश्य से चुनाव आयोग ने एसआईआर फार्म में गलत जानकारी देने वालों के लिए कड़ी सजा का प्रावधान दोहराया है।

लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 31 और 32 के तहत यदि कोई व्यक्ति एसआईआर फार्म में गलत जानकारी देता है, तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। इस प्रावधान के अनुसार, दोषी पाए जाने पर दो साल तक की कैद और जुर्माना दोनों हो सकते हैं।

चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया है कि एस आई आई प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए मतदाता द्वारा दी जाने वाली सभी सूचनाओं की सत्यता अनिवार्य है। गलत जानकारी देने को गंभीर अपराध की श्रेणी में रखते हुए आयोग ने चेतावनी दी कि ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## किसानों की आय वृद्धि एवं दुग्ध उत्पादन संवर्धन के लिए 'दुग्ध संमृद्धि अभियान' का द्वितीय चरण प्रारम्भ

**11 हजार 159 पशुपालकों के घर पहुंचकर किया जाएगा सम्पर्क**



**नवभारत, बालाघाट।** मध्यप्रदेश शासन, पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा किसानों की आय में सतत वृद्धि तथा प्रदेश को दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर अग्रणी बनाने के उद्देश्य से 'दुग्ध संमृद्धि अभियान' सक्रिय रूप से संचालित किया जा रहा है। अभियान के द्वितीय चरण के अंतर्गत बालाघाट जिले में 5 से 9 दुधारू पशुओं वाले 11 हजार 159 पशुपालकों के घर-घर पहुँचकर विभागीय अमला विस्तृत चर्चा करेगा। इस दौरान पशुपालकों को डेयरी व्यवसाय को अधिक लाभदायक बनाने हेतु उन्नत नस्ल सुधार, संतुलित पोषण प्रबंधन तथा पशु स्वास्थ्य देखभाल से संबंधित आवश्यक जानकारी प्रत्यक्ष रूप से प्रदान की जाएगी। अभियान का द्वितीय चरण दिसंबर माह में क्रियान्वयन हेतु निर्धारित है। कलेक्टर मृणाल मीना के मार्गदर्शन में राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स द्वारा मल्टीमॉडल एवं उदाहरण आधारित प्रशिक्षण का आयोजन जिला एवं विकासखंड स्तर पर 26 नवंबर से शुरू किया गया है जो 05 दिसंबर 2025 तक चलेगा। इस प्रशिक्षण में विभागीय अमले पशु चिकित्सक, सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी, गौसेवक, मैत्री कार्यकर्ता, पशु सखी एवं दुग्ध संघ के कार्मिक को अभियान के प्रभावी संचालन हेतु आवश्यक कौशल एवं तकनीकी जानकारी प्रदान की जाएगी।

उपसंचालक, पशु चिकित्सा सेवाएँ, जिला बालाघाट डॉ. एन. डी. पुरी ने बताया कि अभियान के द्वितीय चरण में लगभग 250 प्रशिक्षित विभागीय कार्यकर्ता लक्षित 11 हजार 159 पशुपालकों से सीधे संपर्क कर उन्हें दुग्ध उत्पादन बढ़ाने हेतु नस्ल सुधार, पोषण एवं स्वास्थ्य प्रबंधन की सम्पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराएँगे। यह प्रयास जिले में डेयरी व्यवसाय को अधिक सशक्त, वैज्ञानिक तथा लाभकारी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा।

## बचपन प्ले स्कूल ने कठपुतली की डोर की तरह भूमिका निभाकर बच्चों की प्रतिभाओं को संवार दिया : जायसवाल

**नन्हे-मुन्नों की प्रतिभाओं व सर्वागींण विकास को देखकर अभिभावक भी हुये भावविभोर**

**नवभारत, वारासिवनी।** बचपन प्ले स्कूल के वाषिक उत्सव मे नन्हे मुन्नो की सांस्क्रतिक यात्रा ने प्रमुख अतिथी पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल सहित अभिभावको को अपने अपने बचपन की यादो का सफर करा दिया।

विशेषकर छोटे छोटे बच्चो की सांस्क्रतिक प्रतिभा मे शारिरीक, बौद्विक, भावनात्मक जुडाव, आत्मविश्वास के साथ जीवन भर के लिये एक मजबूत आधार की तैयार सी देखी गयी। उत्सव की शुरूवात मे बचपन प्ले स्कूल के संचालक सुनील कुमार सिंग,श्रीमती अमिता पारधी, गायत्री राव आदि ने गुडडा भैया का भव्य स्वागत भी किया। पुरे साल भर बेसब्री से इस भव्य कार्यक्रम का इंतजार करने वाले अभिभावको ने भी अधिक संख्या मे उपस्थिती दर्ज कराकर कार्यक्रम को सफलता प्रदान की। इस अवसर पर प्रभावी शैली मे गुडडा भैया ने कहा की आज नन्हे मुन्नो की प्रतिभाओ को देखकर स्वंय को आश्चर्यचकित सा लगने लगा था। इन बच्चो की प्रतिभाओ को कठपुतली की डोर की तरह शिक्षक शिक्षकाओ ने संवारा है। जिसकी वे सराहना करते है। हमने भी नगर मे सभी तरह की प्रतिभाओ को आगे लाने के लिये अभी तक तीन मैदान को सुरक्षित रख इंडोर स्टेडियम परिसर मे खेल हब तैयार किया है।

इसी तरह गुडडा भैया ने कहा की आज हम सभी अभिभावको को नन्हे बच्चो की प्रतिभाओ को पहचानने की जरूरत है। यह जरूरी नही है की हमारे बच्चे सिर्फ पढाई मे ही आगे रहे। अगर उनमे खेल, संगीत, सास्क्रंतिक प्रतिभा है तो उस प्रतिभा को निखारकर जीवन मे सफलता प्रदान की जा सकती है। आज हमने वारासिवनी मे सभी तरह की प्रतिभाओ के लिये मंच तैयार कर दिया है।



कार्यक्रम मे पुराने कलाकारो की यादो को भी संजोकर एक से एक गीत की जंहा प्रस्तुति दी गयी। वही भोलेबाबा की भक्ति, श्रीक्रष्ण की माखन चोरी जैसी आदि मनोहर प्रस्तुति से कार्यक्रम की गरिमा का परिचय सा सभी उपस्थितजनो को हो गया। सबसे ज्यादा तालिया भी राजकपूर की फिल्म मेरा नाम जोकर के गीत जीना यहा मरना यहा और सन 1971 की फिल्म हाथी मेरे साथी के गीत दुनिया मे रहना है तो काम कर प्यारे की बच्चो द्वारा दी गयी लाजवाब प्रस्तुति पर बजते देखी गयी।

वार्षिक उत्सव को सफल बनाने मे विशेष रूप से संचालक सुनील कुमार सिंग,श्रीमती अमिता पारधी, गायत्री राव, श्रीमती ओमेश्वरी मात्रे, तुषार कुमार सिंह,श्रीमती रजनी तिवारी,श्रीमती नीतू खरे एवं शिक्षक शिक्षिकाओ का योगदान सराहनीय देखा गया।

**छोटे -छोटे बच्चों में अभी से देखा जा रहा है आत्मविश्वास**

इसी तरह विधालय की तरफ से प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये श्रीमती अमिता पारधी संचालक ने कहा की इस संस्था का हमेशा उद्वेश्य रहा है की बच्चो का सर्वागींण विकास हो सके। जिसमे उनमे शारीरिक, भावनात्मक, बौद्विक और सामाजिक कौशल शामिल है। यह बच्चो को खेल, सहयोग और सामाजिक संपर्क के माध्यम से तैयार किया जाता है। जिससे बच्चे सभी क्षेत्रो मे आत्मविश्वास के साथ आगे बढ सके। आज के कार्यक्रम मे संगीत को देने वाली पुरी टीम भी हमारे ही स्कूल के नन्हे मुन्नो की थी। और प्रत्येक प्रस्तुति पर प्रथक प्रथक एंकरिग भी बच्चो के द्वारा ही की जा रही थी। यह बच्चो मे सर्वागींण विकास की सशक्त पहचान भी बनकर सामने आयी है।